8 चिट्ठी

## पाठ मूल्यांकन
## अभ्यास

### पाठ-चर्चा Textual Literacy

**बताओ—**

Speaking Skills

1. चिट्ठी में मन का प्यार कैसे छिपा होता है?

उ. चिट्ठी में लिखी बातों और संदेशों में मन का प्यार छिपा होता है।

2. चिट्ठी दिलों के तार कैसे जोड़ती है?

उ. चिट्ठी नए-नए संदेश सुनाकर दिलों के तार जोड़ती है।

3. इस कविता के कवि का नाम क्या है?

उ. इस कविता के कवि प्रकाश मनु हैं।

4. कविता का सस्वर वाचन करो।

❖ छात्रों से कविता का सस्वर वाचन करवाएँ। शब्दों के शुद्ध उच्चारण का अभ्यास भी करवाएँ।

**लिखो—**

Writing Skills

**क. कवितांश comprehension**

**कवितांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**पापा पोस्टकार्ड .................................. चाचा का उपहार।**

1. पोस्टकार्ड क्या होता है?

उ. पोस्टकार्ड मोटे कागज़ का बना एक कार्ड है जो पत्र-व्यवहार के काम आता है।

2. पापा द्वारा लिखे अक्षर घने-घने क्यों दिखते हैं?

उ. पोस्टकार्ड छोटा होने के कारण पापा द्वारा लिखे अक्षर घने-घने दिखते हैं।

3. चाचा ज़्यादा प्यार करते हैं, यह किस आधार पर कहा जा सकता है?

उ. चाचा द्वारा भेजा लिफ़ाफ़ा बड़ा होता है। उसमें उपहार होता है, इसलिए कहा जा सकता है कि चाचा ज़्यादा प्यार करते हैं।

**ख. अधिकतम शब्दों में in maximum words—**

1. मम्मी, पापा और चाचा की चिट्ठी में अलग-अलग भाव भरे होते हैं। यह कैसे पता चलता है?

उ. मम्मी की चिट्ठी प्यार और ममता से भरी, पापा की चिट्ठी दुलार, डाँट और सुझावों से भरी, चाचा की चिट्ठी ढेर सारे प्यार और प्रोत्साहनों से भरी होती है।

2. 'छोटा-सा कागज़ बिन पैर' कैसे चल लेता है?
उ. बिना पैर के छोटे-से कागज़ को डाकिया घर-घर पहुँचाता है। चिट्ठियाँ पहले लैटर-बॉक्स में डाली जाती हैं। डाकखाने के कर्मचारी उन्हें निकालकर उनपर लिखे पते के अनुसार अलग-अलग छाँटते हैं। फिर उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों के डाकखानों में पहुँचाया जाता है और उन क्षेत्रों के डाकिए चिट्ठियों को घर-घर पहुँचाते हैं।

3. चिट्ठी को 'घर का अखबार' क्यों कहा गया है?
उ. अखबारों में हम देश-दुनिया की खबरें पढ़ते हैं और चिट्ठी में हम अपने संबंधियों और मित्रों से जुड़ी खबरें पढ़ते हैं। चिट्ठी के द्वारा ही हम अपनी खोज-खबर उन तक भेजते हैं। इसलिए कवि ने इसे 'घर का अखबार' कहा है।

## मूल्याधारित प्रश्न VBQs

Analytical Skills

1. आमने-सामने बैठकर बात करने और लिखकर बात करने में क्या अंतर है?
उ. आमने-सामने बैठकर बात करने में कुछ बातें ऐसी होती हैं जो हम दूसरों को बुरा लगने के भय से नहीं कह पाते। ऐसी बातें लिखकर सभ्य शब्दों में कही जा सकती हैं। इसके विपरीत कुछ बातें सीमित शब्दों में नहीं समझाई जा सकतीं तो इन्हें आमने-सामने बैठकर समझाना ही अच्छा होता है।

2. चिट्ठियाँ आपसी संबंधों को बढ़ा देती हैं— अपने विचार लिखिए।
उ. हम सभी के संबंधी और मित्र दूर-दूर रहते हैं और सभी बहुत व्यस्त हैं। दूर रहने के कारण सबका मिलना-जुलना कम होता है। ऐसे में एक दूसरे के बारे में जानने में चिट्ठी सहायक होती है। चिट्ठी हमारे संदेश उन तक और उनके संदेश हम तक पहुँचाती है। इससे हमारा आपसी प्रेम और मित्रता बनी रहती है। हम अपने संबंधियों से जुड़े रहते हैं। इस प्रकार चिट्ठी आपसी संबंधों को बढ़ावा देती है।

3. लेखन क्यों शुरू हुआ होगा? सोचकर बताइए। **M.I.**
उ. जब किसी बात को कहने के लिए शब्द नहीं मिले होंगे तो उसे कहने के लिए कुछ चिह्नों या चित्रों का प्रयोग किया गया होगा। उसी से धीरे-धीरे लेखन शुरू हुआ होगा। दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि मौखिक भाषा को लिपिबद्ध कर सुरक्षित रखने के लिए लेखन शुरू हुआ होगा।

❖ इस प्रश्न के उत्तर के विषय में पहले छात्रों से चर्चा करें फिर उन्हें स्वयं लिखने के लिए कहें।

## भाषा-सरिता Language

Thinking Skills

**1. रेखांकित शब्दों के उचित विलोम छाँटकर वाक्य पूरे करो—**

क. सुर ····असुर···· सभी रावण के दास थे।

ख. व्यापार में लाभ भी होता है तो ····हानि···· भी उठानी पड़ती है।

ग. युद्ध में जय और ····पराजय···· के लिए तैयार रहना चाहिए।

घ. अच्छे काम करने पर यश और बुरे पर ····अपयश···· ही मिलेगा।

ङ. सूर्य पूर्व में उदय होता है और ····पश्चिम···· में ····अस्त····।

**2. दिए गए विकल्पों में से सही शब्द चुनकर अनुच्छेद के रिक्त स्थान भरो—**

माँ की आवाज़ सुनते ही इंद्रा (क) ····घबराकर···· उठ गई। उसकी बहन (ख) ····पहले···· ही उठ चुकी थी। वह (ग) ····जल्दी-जल्दी···· अपना कार्य कर रही थी। दूसरी तरफ़ इंद्रा (घ) ····धीरे-धीरे···· सीढ़ियाँ उतर रही थी।